इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 40] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 30 सितम्बर 2016—आश्विन 8, शक 1938

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक, (ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम, (ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 7 सितम्बर 2016

क्र. ई-1-119-2016-5-एक.—इस विभाग का समसंख्यक आदेश दिनांक 24 मार्च 2016 द्वारा श्री संजय गुप्ता, भा.प्र.से. (2007) को दिनांक 1 अप्रैल 2016 से 6 माह के जिला प्रशिक्षण के लिए विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, कलेक्टोरेट, जबलपुर पदस्थ किया गया है, तत्पश्चात् समसंख्यक पत्र दिनांक 15 जून 2016 द्वारा उक्त 26 सप्ताह का जिला प्रशिक्षण संशोधित कर 20 सप्ताह किया गया है.

(2) श्री संजय गुप्ता का जिला प्रशिक्षण दिनांक 30 सितम्बर 2016 को पूर्ण हो रहा है. श्री संजय गुप्ता को शेष प्रशिक्षण कलेक्टोरेट, जबलपुर के स्थान पर कलेक्टोरेट, भोपाल में लेने हेतु संबद्ध किया जाता है.

क्र. ई-5-594-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री प्रमोद अग्रवाल, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग को दिनांक 5 से 22 अक्टूबर 2016 तक अठारह दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री प्रमोद अग्रवाल को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री प्रमोद अग्रवाल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री प्रमोद अग्रवाल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2016.

भोपाल, दिनांक 8 सितम्बर 2016

क्र. ई-5-573-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री मलय श्रीवास्तव, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग एवं महानिदेशक, एप्को तथा प्रशासक, राजधानी परियोजना प्रशासन को समसंख्यक आदेश दिनांक 4 अगस्त 2016 द्वारा दिनांक 8 से 28 अगस्त 2016 तक इक्कीस दिन का एक्स-इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था, में आंशिक संशोधन करते हुए अब उन्हें दिनांक 8 से 23 अगस्त 2016 तक सोलह दिन का संशोधित/पुनरीक्षित एक्स-इंडिया अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) शेष कंडिकाएं समसंख्यक आदेश दिनांक 4 अगस्त 2016 अनुसार यथावत.

क्र. ई-5-816-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री संजीव सिंह, आयएएस., संचालक, कौशल विकास संचालनालय तथा संचालक, आपदा प्रबंध संस्थान को दिनांक 7 से 18 नवम्बर 2016 तक बारह दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 6 एवं 19, 20 नवम्बर 2016 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री संजीव सिंह को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न संचालक, कौशल विकास संचालनालय तथा संचालक, आपदा प्रबंध संस्थान के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री संजीव सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री संजीव सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-890-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अनुराग चौधरी, आयएएस., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, झाबुआ को दिनांक 3 से 10 अक्टूबर 2016 तक आठ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 2 एवं 11, 12 अक्टूबर 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री अनुराग चौधरी को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, झाबुआ के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री अनुराग चौधरी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अनुराग चौधरी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ऑन्टोनी डिसा, मुख्य सचिव.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 15 सितम्बर 2016

क्र. एफ 1-57-2016-ब-2-दो.—श्री विनायक वर्मा, भापुसे., सहायक पुलिस अधीक्षक (परि.) महारापुरा, ग्वालियर को मारीशस जाने हेतु दिनांक 26 से 30 अप्रैल 2016 तक पांच दिवस अर्जित अवकाश के साथ निजी विदेश यात्रा (Ex-India leave) की अनुमति निम्नलिखित शर्तों के साथ कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती है :—

(1) विदेश में स्वास्थ्य/चिकित्सा आदि पर होने वाला किसी भी प्रकार का व्यय राज्य शासन द्वारा वहन नहीं किया जावेगा.

(2) विदेश में शासकीय अथवा किसी निजी संस्था का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे.

(3) विदेश में कोई Assignment नहीं लेंगे.

(4) स्वीकृत अवकाश में वृद्धि नहीं करेंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डी. एस. मुकाती, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 16 सितम्बर 2016

क्र. एफ 1(ए)101-16-ब-2-दो.—श्री कार्तिकेयन के., भा.पु.से. (परि.) सेनानी 6वी वाहिनी, विसबल, जबलपुर ने दिनांक 22 अगस्त 2016 से 5 सितम्बर 2016 तक पन्द्रह दिवस पितृत्व अवकाश की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री कार्तिकेयन के., भा.पु.से. (परि.) को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न, सेनानी 6वी वाहिनी, विसबल, जबलपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री कार्तिकेयन के., भा.पु.से. (परि.) को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री कार्तिकेयन के., भा.पु.से. (परि.) उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 20 सितम्बर 2016

क्र. एफ 1(ए)155-93-ब-2-दो.—श्री राजेश गुप्ता, भा.पु.से. पुलिस महानिरीक्षक, गुप्त/ओएसडी, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं प्रभारी सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा स्वयं का उपचार बाम्बे हॉस्पिटल, मुंबई में कराने हेतु दिनांक 11 से 12 अगस्त 2016 तक दो दिवस चिकित्सा अवकाश एवं मुख्यालय छोड़ने की अनुमति के साथ कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती है.

(2) उक्त अवकाश के उपभोग के एवज में इनके लघुकृत अवकाश खाते से चार दिवस का अर्द्धवैतनिक अवकाश घटाया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री राजेश गुप्ता, भा.पु.से. को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राजेश गुप्ता, भा.पु.से. उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
श्रीदास, अवर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 20 सितम्बर 2016

फा. क्र. 17(ई) 83-03-इक्कीस-ब (एक)-2980-2016.—विद्युत् अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 153 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 17(ई)83-03-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 16 सितम्बर 2010 में जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग 1 में, दिनांक 24 सितम्बर 2010 में प्रकाशित की गई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 39, 46 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक और उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं अर्थात् :—

सारणी

स. क्र.	सिविल जिले का नाम	विशेष न्यायालय का नाम	विशेष न्यायालय के न्यायालय का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
"39.	ग्वालियर	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विशेष न्यायालय क्र. 4, ग्वालियर.	श्री प्रदीप सोनी (सीनियर), अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विशेष न्यायालय क्र. 4, ग्वालियर.
46.	इन्दौर	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विशेष न्यायालय, क्र. 6, इन्दौर.	श्री सुरेश रणदिवे, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विशेष न्यायालय क्र. 6, इन्दौर."

F. No. 17(E)83-03-XXI-B(One)-2980-2016.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 153 of the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh, hereby makes the following further amendment in this Department's Notification F. No. 17(E) 83-03-XXI-B(1), dated 16th September 2010 which was published in the Madhya Pradesh Gazette, Part-1, dated 24th September 2010 namely:—

AMENDMENTS

In the said notification, in the Table, for serial numbers 39, 46 and entries relating thereto, the following serial

numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely:—

TABLE

S. No.	Name of the Civil District	Name of Special Court	Name of the Judge of the Special Court
(1)	(2)	(3)	(4)
"39.	Gwalior	Additional Sessions Judge, Special Court No. 4, Gwalior.	Shri Pradeep Soni (Sr), Additional Sessions Judge, Special Court No. 4, Gwalior.
46.	Indore	Additional Sessions Judge, Special Court No. 6, Indore.	Shri Suresh Randive, Additional Sessions Judge, Special Court No. 6, Indore."

फा. क्र. 17(ई) 83-03-इक्कीस-ब (एक)-2980-2016.—विद्युत् अधिनियम, 2003 (2003 का संख्याक 36) की धारा 153 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 17(ई)83-03-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 16 सितम्बर 2010 में जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग 1 में, दिनांक 24 सितम्बर 2010 को प्रकाशित की गई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 38 तथा 39 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उससे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं अर्थात् :—

सारणी

स. क्र.	सिविल जिले का नाम	विशेष न्यायालय का नाम	विशेष न्यायालय की क्षेत्रीय अधिकारिता (विद्युत् क्षेत्र के अनुसार)
(1)	(2)	(3)	(4)
" 38.	ग्वालियर	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विशेष न्यायालय क्र. 3, ग्वालियर.	सिविल जिला ग्वालियर का समस्त विद्युत् क्षेत्र (अनुक्रमांक 39 एवं डबरा के विशेष न्यायालय की अधिकारिता को छोड़कर).
39.	ग्वालियर	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विशेष न्यायालय क्र. 4, ग्वालियर.	सिविल जिला ग्वालियर का उत्तर संभाग गोल पहाड़िया एवं शिंदे की छावनी का विद्युत् क्षेत्र."

F. No. 17(E)83-03-XXI-B(1)-2980-2016.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 153 of the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh, hereby makes the following further amendment in this Department's Notification F. No. 17(E) 83-03-XXI-B(1), dated 16th September 2010 which was published in the Madhya Pradesh Gazette, Part-1, dated 24th September 2010 namely:—

AMENDMENTS

In the said notification, in the Table, for serial numbers 38 & 39 and entries relating thereto, the following serial number and entrie relating thereto shall be substituted, namely:—

TABLE

S. No.	Name of the Civil District	Name of Special Court	Territorial jurisdiction of Special Court (According to the electricity Area)
(1)	(2)	(3)	(4)
"38.	Gwalior	Additional Sessions Judge, Special Court No. 3 Gwalior.	All electricity area of Civil District Gwalior (excluding the territorial jurisdiction of Special Court given at Serial Number 39 & Dabra).
39.	Gwalior	Additional Sessions Judge, Special Court No. 4 Gwalior.	North Division of Civil District Gwalior & Electri-city area of Goal Pahadia and Shinde ki Chawni."

फा. क्र. 17-(ई) 44-2013-इक्कीस-ब(एक)-3023-2016.—राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम, 2008 (2008 का 34) की धारा 22 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के परामर्श से, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्र. ब(एक)-3476-

2013, दिनांक 11 सितम्बर 2013 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1 में दिनांक 20 सितम्बर 2013 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 17, 22, 23, 24, 30, 32, 33 एवं 41 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

सारणी

क्रमांक (1)	जिले का नाम (2)	विशेष न्यायाधीश का नाम (3)
"17.	इन्दौर	श्री संतोष प्रसाद शुक्ला, पंचम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, इन्दौर.
22.	गरोठ (मंदसौर)	श्री शशेन्द्र सिंह ठाकुर, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, मंदसौर.
23.	मुरैना	श्री रमेश कुमार श्रीवास्तव, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, मुरैना.
24.	नरसिंहपुर	श्री प्रेम कुमार सिन्हा, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989, नरसिंहपुर.
30.	रीवा	श्री रामजी गुप्ता, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, रीवा.
32.	सतना	श्री गोपाल श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989, सतना.
33.	सीहोर	श्री बी. एस. भदौरिया, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989, सीहोर.
41.	टीकमगढ़	डॉ. सुभाष कुमार जैन, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989, टीकमगढ़".

(2) यह संशोधन उस तारीख से प्रवृत्त होगा जिसको इस अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट न्यायाधीश उक्त न्यायालय में अपना पदभार ग्रहण करें.

F.No. 17 (E)-44-2013-XXI-B(One)-3023-2016.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 22 of National Investigation Agency Act, 2008 (34 of 2008), the State Government in consultation with the High Court of Madhya Pradesh, hereby, makes the following amendments in this Department's Notification F. No. B (1) 3476-2013, dated 11th September 2013, which was published in the Madhya Pradesh Gazette, Part-I, dated 20th September 2013, namely:—

AMENDMENT

In the said Notification in the Table for serial number 17, 22, 23, 24, 30, 32, 33 & 41 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely:—

TABLE

S. No. (1)	Name of District (2)	Name & Designation of the Judge (3)
"17.	Indore	Shri Santosh Prasad Shukla, V th Additional Session Judge, Indore.
22.	Garoth (Mandsaur)	Shri Shashendra Singh Thakur, Additional Session Judge, Garoth (Mandsaur).
23.	Morena	Shri Ramesh Kumar Shrivastava, IInd Additional Session Judge, Morena.
24.	Narsinghpur	Shri Prem Kumar Sinha, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Narsinghpur.
30.	Rewa	Shri Ramji Gupta, IInd Additional Session Judge, Rewa.
32.	Satna	Shri Gopal Shrivastava, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Satna.
33.	Sehore	Shri B. S. Bhadoriya, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Sehore.
41.	Tikamgarh	Dr. Subhesh Kumar Jain, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Tikamgarh".

(2) This amendment shall come into force from the date on which the Judge as specified in this notification assumes the charge of his office in the said Court.

फा. क्र. I-1-2002-इक्कीस-ब (एक)-3282.—राज्य शासन, उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1984 (1984 का सं. 66) की धारा 4 सपठित मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 3 के अन्तर्गत उच्चतर न्यायिक सेवा के निम्नलिखित न्यायिक अधिकारियों को पीठासीन अधिकारी, कुटुम्ब न्यायालयों के पद पर एतद्द्वारा, उनके पदभार ग्रहण करने के दिनांक से 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने तक अथवा आगामी आदेश होने तक नियुक्त करता है :—

क्र.	नाम	पदस्थापना	62 वर्ष की आयु पूर्ण करने का दिनांक
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री हरिशंकर वैश्य	जिला एवं सत्र न्यायाधीश, डिण्डौरी	20-10-2018
2	श्री अब्दुल जब्बार खान	जिला एवं सत्र न्यायाधीश, छिंदवाड़ा	5-11-2018
3	कु. भारती बघेल	जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ग्वालियर	9-11-2018
4	श्री सुरेश रणदिवे	अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायालय विद्युत् अधिनियम, इन्दौर.	20-11-2018

उक्त अधिकारियों को देय वेतन तथा भत्ते का निर्धारण मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 3 के अन्तर्गत विकलनीय होगा.

फा. क्र. 17(ई) 43/2009-इक्कीस-ब(एक)-3113-2016.—ग्राम न्यायालय अधिनियम, 2008 (2009 का 4) की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के परामर्श से एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 17(ई)43-2009-2251-इक्कीस-ब(एक)-13, दिनांक 10 मई 2013 में निम्नलिखित और संशोधन करता है अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 11, 13, 14, 30, 37 एवं 81 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं अर्थात् :—

सारणी

अनुक्रमांक	न्यायाधिकारी का नाम	पदस्थापना का स्थल	सिविल जिले का नाम	मध्यवर्ती स्तर की पंचायत के लिए ग्राम न्यायालय का नाम	ग्राम न्यायालय के मुख्यालय का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
"11.	श्री विकास शुक्ला, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2.	भिण्ड	भिण्ड	भिण्ड	भिण्ड
13.	श्री अजय सिंह ठाकुर, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1.	भोपाल	भोपाल	भोपाल	भोपाल
14.	कु. सविता जडिया, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1.	बैरसिया	भोपाल	बैरसिया	बैरसिया
30.	श्री राजेश शर्मा चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2.	गुना	गुना	गुना	गुना
37.	श्री आशुतोष अग्रवाल, इक्कीसवें व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1.	इन्दौर	इन्दौर	इन्दौर	इन्दौर
81.	श्री दारासिंह मण्डलोई, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1	महिदपुर	उज्जैन	महिदपुर	महिदपुर.".

F.No. 17 (E)-43-2009-XXI-B(One)-3113-2016.—In exercise of the powers conferred by Section 5 of the Gram Nayalayas Act, 2008 (No. 4 of 2009), the State Government in consultation with the High Court of Madhya Pradesh, hereby, makes the following further amendments in this Department's Notification F.No. 17 (E)-43-2009-XXI-B(One)-2251-13, dated 10th May 2013, namely:—

AMENDMENT

In the said Notification in the Table for serial numbers 11, 13, 14, 30, 37 and 81 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely:—

TABLE

S. No.	Name of Nyayadhikari	Place of Posting	Name of Civil District	Name of Gram Nyayalaya for Panchayat at Intermediate Level	Name of Headquarter of Gram Nyayalaya
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
"11.	Shri Vikash Shukla, IV Civil Judge-II	Bhind	Bhind	Bhind	Bhind
13.	Shri Ajay Singh Thakur III-Civil Judge-I.	Bhopal	Bhopal	Bhopal	Bhopal
14.	Ku. Savite Jadia, Civil Judge-I.	Berasia	Bhopal	Berasia	Berasia
30.	Shri Rajesh Sharma, IV-Civil Judge-II.	Guna	Guna	Guna	Guna
37.	Shri Ashutosh Agrawal, XXI Civil Judge-I.	Indore	Indore	Indore	Indore
81.	Shri Dara Singh Mandloi, Civil Judge-I.	Mahidpur	Ujjain	Mahidpur	Mahidpur.".

फा. क्र. 3(ए)03-2014-इक्कीस-ब(एक)-3122.—राज्य शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग, मध्यप्रदेश शासन में सचिव के दो रिक्त पदों पर निम्नलिखित सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी-3-12-2011-3-एक, दिनांक 3 सितम्बर 2011 द्वारा निर्धारित तथा उल्लेखित मान्य शर्तों के अधीन क्रमशः दिनांक 30 सितम्बर 2016 तथा 8 अक्टूबर 2016 को संविदा अवधि समाप्त होने पर पुनः एक वर्ष की वृद्धि करते हुए एक वर्ष के लिए संविदा नियुक्ति प्रदान करता है :—

1. श्री ज्योतेन्द्र कुमार वैद्य
2. श्री रामप्रकाश शरण

इस संबंध में होने वाले व्यय मांग संख्या-29-2052-सचिवालय सामान्य सेवाएं (090)-सचिवालय योजना-(9057)-विधि और विधायी कार्य विभाग की मद-11-वेतन भत्ते की उपमद-025 संविदा कर्मचारियों का पारिश्रमिक के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 में विकलनीय होगा.

फा. क्र. I-1-2002-इक्कीस-ब(एक)-3472.—राज्य शासन, उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर उच्चतर न्यायिक सेवा के निम्नलिखित सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारीगण को तत्काल प्रभाव से उनके नाम के आगे उल्लिखित वर्तमान धारित पद की सेवा को आगे निरंतर न रखते हुए तत्काल प्रभाव से सेवा से मुक्त करता है :—

1. श्री जगदीश प्रसाद माहेश्वरी, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, बुरहानपुर, मध्यप्रदेश.
2. श्री नारायण सिंह लावरिया, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, शिवपुरी, मध्यप्रदेश.
3. श्री विमल कुमार जैन (सिंघई), प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, विदिशा, मध्यप्रदेश.

फा. क्र. I-1-2002-इक्कीस-ब(एक)-3514.—राज्य शासन, उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1984 (1984 का सं. 66) की धारा-4 सपठित मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत उच्चतर न्यायिक सेवा के निम्नलिखित न्यायिक अधिकारियों को उनके नाम के समक्ष

उल्लेखित नवीन पदस्थापना पर एतद्द्वारा, उनके पदभार ग्रहण करने के दिनांक से आगामी आदेश होने तक नियुक्त करता है :—

क्र. (1)	नाम एवं पद (2)	नवीन पदस्थाना (3)
1	श्री ओमप्रकाश सोनारिया, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पन्ना.	प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, टीकमगढ़ (रिक्त पद).
2.	श्री अरूण कुमार सिंह (सीनियर),षष्ठम् अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रीवा.	प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, सतना (रिक्त पद).
3.	श्रीमती गिरिबाला सिंह, ग्यारहवें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोपाल.	प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, इंदौर (रिक्त पद).
4.	श्री रामानंद चंद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, त्यौंथर, जिला रीवा.	प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कटुम्ब न्यायालय, इंदौर (रिक्त पद).
5.	श्री श्याम सुंदर गर्ग, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भिण्ड.	प्रधान न्यायाधीश, कटुम्ब न्यायालय, मुरैना (रिक्त पद).

उक्त अधिकारियों को देय वेतन तथा भत्ते का निर्धारण मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत विकलनीय होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विरेन्दर सिंह, प्रमुख सचिव

भोपाल, दिनांक 21 सितम्बर 2016

फाइल क्रमांक 3299-इक्कीस-ब(दो).— मध्यप्रदेश माध्यस्थम अधिकरण अधिनियम, 1983 (क्रमांक 29 सन् 1983) की धारा 4 की उपधारा (1-क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, सुश्री सुषमा खोसला, न्यायिक सदस्य, मध्यप्रदेश माध्यस्थम अधिकरण को, उनके पदभार ग्रहण करने के दिनांक से, 65 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, मध्यप्रदेश माध्यस्थम अधिकरण, भोपाल का उपाध्यक्ष पदाभिहित करती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. के. वैद्य, सचिव.

भोपाल, दिनांक 21 सितम्बर 2016

फाइल क्रमांक 3299-इक्कीस-ब(दो).—संविधान के अनुच्छेद 348(3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 3299-इक्कीस-ब(दो), दिनांक 21 सितम्बर 2016 का अंग्रेजी अनुवाद एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

Bhopal, the 21st September 2016

File No. 3299-XXI-B(Two).—In exercise of the powers conferred by sub-section (1-a) of Section 4 of the Madhya Pradesh Madhyastham Adhikaran Adhiniyam, 1983 (No. 29 of 1983), the State Government, hereby designates Ms. Sushma Khosla, Judicial Member, Madhya Pradesh Arbitration Tribunal as vice-Chairman of the Madhya Pradesh Arbitration Tribunal from the date she assumes the charge of her office till she attains the age of 65 years.

By order and in the name of the
Governor of Madhya Pradesh,
J. K. VAIDYA, Secy.

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 सितम्बर 2016

क्र. एफ 11-05-2006-उन्तीस-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन मेमोरेंडम एंड आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के आर्टिकल 81(ए) (सी) (डी) के अंतर्गत मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के संचालक मंडल में संचालक, श्री अजातशत्रु श्रीवास्तव, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश वेअर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन, भोपाल के स्थान पर श्री अरूण कुमार पांडे, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश वेअर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन भोपाल के संचालक मंडल में संचालक मनोनीत करता है.

भोपाल, दिनांक 21 सितम्बर 2016

क्र. एफ 11-05-2006-उन्तीस-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन मेमोरेंडम एंड आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के आर्टिकल 81(ए) (सी) (डी) के अंतर्गत मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के संचालक मंडल में संचालक, श्री विनय प्रकाश चतुर्वेदी, उपसचिव, वित्त विभाग के स्थान पर श्री दिनेश द्विवेदी, उपसचिव, वित्त विभाग, मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन, भोपाल के संचालक मंडल में संचालक मनोनीत करता है.

क्र. एफ 11-05-2006-उन्तीस-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन मेमोरेंडम एंड आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के आर्टिकल 81(ए) (सी) (डी) के अंतर्गत मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के संचालक मंडल में संचालक, श्री अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के स्थान पर श्री के. सी. गुप्ता, प्रमुख सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन, भोपाल के संचालक मंडल में संचालक मनोनीत करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. के. चंदेल, उपसचिव.

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला छिंदवाड़ा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

छिन्दवाड़ा, दिनांक 12 सितम्बर 2016

क्र. 1397.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा नीचे दर्शाये अनुसूची में स्तंभ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील हर्रई, जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है :—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व प. ह. नं. एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल) (1)	राजस्व ग्राम का नाम एवं प. ह. नं. (2)
ग्राम सूखापुरा, प. ह. नं. 46 से पृथक् किया गया क्षेत्रफल 253.455 हेक्टेयर.	ग्राम पटी, प. ह. नं. 46

क्र. 1398.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा नीचे दर्शाये अनुसूची में स्तंभ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील हर्रई, जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है :—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व प. ह. नं. एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल) (1)	राजस्व ग्राम का नाम एवं प. ह. नं. (2)
ग्राम कचनरा, प. ह. नं. 54 से पृथक् किया गया क्षेत्रफल 562.668 हेक्टेयर.	ग्राम लेडियाटोला, प. ह. नं. 54

क्र. 1399.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा नीचे दर्शाये अनुसूची में स्तंभ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील हर्रई, जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है :—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व प. ह. नं. एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल) (1)	राजस्व ग्राम का नाम एवं प. ह. नं. (2)
ग्राम चिखला, प. ह. नं. 36 से पृथक् किया गया क्षेत्रफल 702.888 हेक्टेयर.	ग्राम चकरपाट, प. ह. नं. 36

क्र. 1400.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा नीचे दर्शाये अनुसूची में स्तंभ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील तामिया, जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है :—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व प. ह. नं. एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल) (1)	राजस्व ग्राम का नाम एवं प. ह. नं. (2)
ग्राम प्रतापगढ़ बादला, प. ह. नं. 20 से पृथक् किया गया क्षेत्रफल 669.771 हेक्टेयर.	ग्राम फासीढाना, प. ह. नं. 20

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. के. जैन, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला खण्डवा, मध्यप्रदेश एवं समुचित सरकार, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

खण्डवा, दिनांक 31 अगस्त 2016

नस्ती क्र. 120-एल.ए.-2015-भू-अर्जन प्र. क्र. 08-अ-82-15-16.—उप-मुख्य इंजीनियर (निर्माण) पश्चिम रेल्वे इंदौर द्वारा उनके प्रस्ताव क्रमांक इंदौर डब्ल्यू-335-4-दिनांक 31 अक्टूबर 2015 से ग्राम खण्डवा तरफ कुन्बी के विभिन्न सर्वे नंबरों की निजी कृषि भूमि रकबा 0.280 हे. व उस पर स्थित परिसंपत्तियां, खण्डवा सनावद के मध्य अमान परिवर्तन कार्य हेतु अधिग्रहण के प्रस्ताव कलेक्टर जिला खण्डवा को प्रस्तुत किये गये. अधिनियम की धारा 11 प्रारंभिक अधिसूचना एवं धारा 19 उद्घोषणा का विहित स्थानों पर प्रकाशन कराये जाने तथा अधिनियम की धारा 21 के तहत कार्यवाही की गयी. इस स्तर पर प्रस्तावक विभाग द्वारा पत्र क्रमांक 335-4, दिनांक 17 अगस्त 2016 द्वारा भू-अर्जन के प्रस्ताव को निरस्त किये जाने का प्रस्ताव प्रेषित किया गया.

उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में संलग्न अनुसूची के खाने (1 से 9) में वर्णित भूमि के अनुसूची के खाने (9) में उसके सामने दिये गये, सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता नहीं है. अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 93 अंतर्गत इसके द्वारा, यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता नहीं है. अधिनियम की धारा 93 के अन्तर्गत कॉलम नं. (4) से (7) में उल्लेखित सर्वे नंबर एवं भूमि को अधिग्रहण से निर्मुक्त प्रत्याहरित किये जाने की घोषणा की जाती है :—

अनुसूची

जिला	तहसील	ग्राम	अधिनियम की धारा 19 के तहत निम्न सर्वे नंबर प्रस्तावित थे		अधिनियम की धारा 93 के तहत अधिग्रहण से निर्मुक्त प्रत्याहरित किये जाने वाले सर्वे नं. का ब्यौरा		धारा 12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन
			खसरा नं.	रकबा (हे.में)	खसरा नं.	रकबा (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
खण्डवा	खण्डवा	खण्डवा तरफ कुनबी	277 285 284 286 292	0.030 0.020 0.230	277 285 284 286 292	0.030 0.020 0.230	उपमुख्य इंजीनियरिंग (निर्माण पश्चिम रेल्वे इंदौर.	खण्डवा सनावद के मध्य अमान परिवर्तन कार्य हेतु.
		योग	06 खसरा	0.280	06 खसरा	0.280		

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, खण्डवा तथा उप-मुख्य इंजीनियर (निर्माण) पश्चिम रेल्वे, इंदौर के कार्यालय में किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
स्वाती मीणा नायक, कलेक्टर एवं समुचित सरकार.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला देवास, मध्यप्रदेश एवं पदेन अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

देवास, दिनांक 15 सितम्बर 2016

क्र. 2460-भू-अर्जन-16.—मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के पत्र दिनांक 12 नवम्बर 2014 के परिपालन में **आपसी सहमति से क्रय नीति** के अन्तर्गत निम्नानुसार नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम क्रमांक (2) में उल्लेखित भूमि/परिसंपत्तियों धारकों की अनुसूची के कॉलम क्रमांक (3 एवं 4) अनुसार भूमि/परिसंपत्ति सार्वजनिक प्रयोजन दतुनी मध्यम सिंचाई परियोजना नहर फेस-2 के निर्माण के लिये आवश्यकता है:—

अनुसूची

(1) ग्राम का नाम — खारपा
(2) तहसील — कन्नौद

(3) जिला — देवास
(4) कुल प्रस्ताव — 1

क्र.	पूरा नाम एवं पता	खसरा क्रमांक	अर्जित की जाने वाली संपत्ति का विवरण (हे. में)
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री फुगन पिता इस्माईल, जाति मेवाती	13	0.07
2	श्री शब्बा पिता इस्माईल, जाति मेवाती	14	0.07
3	श्री मोर खां पिता हीरे खां, जाति मेवाती	19	0.14
4	श्री अनवर खां पिता नजीर खां, जाति मेवाती	192/1	0.14
5	श्री रामसिंह पिता बृजलाल, जाति माली	193/1	0.04
6	श्री सुनिल पिता रामसिंह, जाति माली	201	0.13
7	श्री अजीज खां पिता गुलाब खां	215	0.13
8	श्री सरजीत, खातुनबाई पिता आजम, शब्बीर खां, अजीज खां	181	0.06
9	श्रीमति मानोबाई पति चांद खां, जाति मेवाती	180	0.06
10	श्री इनूस खां पिता हसन खां, जाति मेवाती	179/1	0.05
11	श्री सरजीत, खातुनबाई पिता आजम शब्बीर खां, अजीज खां भुरू खां	178	0.03
12	श्री मुकेश पिता छितर अ. प. का चिरागबाई पति छितर जाति माली	172	0.02
13	श्री कांतीबाई पति केदार, जाति माली	171	0.02
14	श्री बलराम पिता गब्बु धापुबाई बेवा गबु, जाति माली	167	0.10
15	श्री समीद खां पिता असरफ खां, जाति मेवाती	316	0.03
16	श्री हमीद खां, पिता असरफ खां, जाति मेवाती	317	0.03
17	श्री हमीद खां पिता असरफ खां, जाति मेवाती	315/1	0.0176
18	श्री समीद पिता असरफ खां, जाति मेवाती	315/2	0.0176
19	श्री हकीम पिता मेहबूब खां, जाति मेवाती	304/2	0.11
20	श्री भूरे खां, हिरे खां, मीर खां, मेहबूब खां, बन्तो बाई आसनबाई	306	0.08
21	श्री जगदीश पिता बदु, जाति माली	270	0.21
22	श्री ललीत अंकीत पिता सुमरत अपाक मा. सुनीता बाई पति सुमरत, जाति माली.	271	0.12
23	श्री सुमरतलाल पिता बदु, जाति माली	272/1	0.003
24	श्री रासतखां पिता समीद खां, जाति मेवाती	269/2	0.044
25	श्री सलाउद्दीन पिता समीद खां, जाति मेवाती	256	0.154

कुल सर्वे नम्बर-25
कुल प्रस्ताव-1

(2) उपरोक्त कृषकों की भूमि एवं परिसंपत्तियां दतुनी मध्यम सिंचाई परियोजना हेतु जल संसाधन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है. यदि किसी व्यक्ति को भूमि एवं परिसंपत्तियों के स्वत्व के विषय में आपत्ति हो तो वह नियत अवधि (सार्वजनिक सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर) में आधार सहित कलेक्टर के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है.

(3) भूमि/परिसंपत्तियों का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, कलेक्टर, कार्यालय, जिला देवास एवं भू-अर्जन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी, कन्नौद के कार्यालय में किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आशुतोष अवस्थी, कलेक्टर एवं पदेन अपर सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला देवास मध्यप्रदेश

देवास, दिनांक 24 अगस्त 2016

क्र. बफा-बंधक श्रम-2016-2434-एस.डब्ल्यू.16-बंधक श्रम-2016.—बंधक श्रमिक (प्रथा समाप्ति) अधिनियम, 1976 की धारा 13 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, मैं, आशुतोष अवस्थी, कलेक्टर, जिला देवास, देवास जिले के लिये ''मध्यप्रदेश राजपत्र'' में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने की तिथि से दो वर्षों की कालावधि के लिये निम्नानुसार जिला स्तरीय बंधक श्रमिक सतर्कता समिति का पुनर्गठन करता हूं :—

जिला स्तरीय बंधक श्रमिक सतर्कता समिति, देवास, जिला देवास

धारा 13 की उपधारा (2) ''अ'' के अधीन जिला दण्डाधिकारी, देवास — **अध्यक्ष**

धारा 13 की उपधारा (2) ''ब'' के अधीन अ. जा./अ.ज.जा./वर्ग के तीन सदस्य—

1. श्री कैलाश डाबी, (अ. जा.) — सदस्य
   निवासी 51 मोती बंगला, देवास.
2. श्री बजरंग बैरवा, (अ. जा.) — सदस्य
   निवासी 32/2 बालगढ़ रोड देवास.
3. श्री डोंगर सिंह पिता भीलू सिंह (अ.ज.जा.) — सदस्य
   निवासी भील आमला, तह. हाटपिपल्या, जिला देवास
   मोबाईल नम्बर—9926548639

धारा 13 की उपधारा (2) ''स'' के अधीन जिले के दो सामाजिक कार्यकर्ता—

1. श्री मोतीलाल पटेल — सदस्य
   निवासी बागली, जिला देवास.
2. श्री गोपाल पंवार, अभिभाषक — सदस्य
   निवासी 41, राज भवन, नयापुरा, देवास.

धारा 13 की उपधारा (2) ''द'' के अधीन—

1. पुलिस अधीक्षक, देवास — सदस्य
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत देवास — सदस्य
3. जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण, देवास — सदस्य

धारा 13 की उपधारा (2) ''ई'' के अधीन—

1. अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंक ऑफ इण्डिया, जिला देवास — सदस्य

क्र. बफा-बंधक श्रम-2016-2441-एस.डब्ल्यू.16-बंधक श्रम-2016.—बंधक श्रमिक (प्रथा समाप्ति) अधिनियम, 1976 की धारा 13 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, मैं, आशुतोष अवस्थी, कलेक्टर, जिला देवास, देवास जिले के उपखण्डों के लिये ''मध्यप्रदेश राजपत्र'' में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने की तिथि से दो वर्षों की कालावधि के लिये निम्नानुसार उपखण्ड स्तरीय बंधक श्रमिक सतर्कता समितियों का पुनर्गठन करता हूं :—

उपखण्ड स्तरीय बंधक श्रमिक सतर्कता समिति, उपखण्ड सोनकच्छ, जिला देवास

धारा 13 की उपधारा (3) ''अ'' के अधीन अनुविभागीय दण्डाधिकारी, सोनकच्छ — **अध्यक्ष**

धारा 13 की उपधारा (3) ''ब'' के अधीन अ. जा./अ.ज.जा. वर्ग के तीन सदस्य—

1. श्री सुरजमल बुनकर सोनकच्छ — सदस्य
2. श्रीमती गीता बाई पति प्रेम मालवीय (अ.जा.) — सदस्य
   अयोध्या बस्ती वार्ड क्रमांक 14, सोनकच्छ.
3. श्री प्रेमसिंह मालवीय, सोनकच्छ — सदस्य

धारा 13 की उपधारा (3) ''स'' के अधीन अनुविभाग के दो सामाजिक कार्यकर्ता—

1. श्री राधेश्याम गजेश्वर, सोनकच्छ — सदस्य
2. सुश्री कविता पिता मनोहरलाल सोनी, अभिभाषक, सोनकच्छ — सदस्य

धारा 13 की उपधारा (3) ''द'' के अधीन—

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सोनकच्छ/टोंकखुर्द — सदस्य
2. परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, सोनकच्छ/टोंकखुर्द — सदस्य

धारा 13 की उपधारा (3) ''ई'' के अधीन—

1. प्रबंधक, केन्द्रीय सहकारी बैंक, सोनकच्छ — सदस्य

धारा 10 के अधीन विनिर्दिष्ट किया गया अधिकारी — सचिव
तहसीलदार, तहसील सोनकच्छ/टोंकखुर्द

उपखण्ड स्तरीय बंधक श्रमिक सतर्कता समिति उपखण्ड, देवास, जिला देवास

धारा 13 की उपधारा (3) ''अ'' के अधीन अनुविभागीय दंण्डाधिकारी, देवास, — **अध्यक्ष**

धारा 13 की उपधारा (3) ''ब'' के अधीन अ. जा./अ.ज.जा. वर्ग के तीन सदस्य—

1. श्री सालीगराम पिता छिता जी मालवीय — सदस्य
   निवासी सुनवानी गोपाल, देवास.
2. श्री रामेश्वर पिता भवानीराम दायमा — सदस्य
   निवासी 20/3 भवानी सागद, देवास.
3. श्रीमती रजनी पति जगदीश वर्मा — सदस्य
   निवासी 18 वासुदेव पुरा, देवास.

धारा 13 की उपधारा (3) ''स'' के अधीन अनुविभाग के दो सामाजिक कार्यकर्ता—

1. श्री दिनेश पिता बालकिशन भूतड़ा — सदस्य
   निवासी सुभाष चौक, देवास.
2. श्री भारत सिंह पटलावदा — सदस्य
   निवासी ग्राम पटलावदा, तहसील देवास.

धारा 13 की उपधारा (3) ''द'' के अधीन—

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत देवास — सदस्य
2. अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं, देवास — सदस्य
3. परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, देवास — सदस्य

धारा 13 की उपधारा (3) ''ई'' के अधीन—

1. प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, देवास — सदस्य

धारा 10 के अधीन विनिर्दिष्ट किया गया अधिकारी — सचिव
तहसीलदार, तहसील देवास.

उपखण्ड स्तरीय बंधक श्रमिक सतर्कता समिति उपखण्ड, कन्नौद, जिला देवास

धारा 13 की उपधारा (3) ''अ'' के अधीन अनुविभागीय दण्डाधिकारी, कन्नौद, — **अध्यक्ष**

धारा 13 की उपधारा (3) ''ब'' के अधीन अ. जा./अ.ज.जा./वर्ग के तीन सदस्य—

1. श्री प्रहलाद धानवे (अ.जा.), ग्राम गुडवेल, तहसील कन्नौद — सदस्य
2. श्री महेश कोंडरे (अ.जा.), कन्नौद, जिला देवास — सदस्य
3. श्री रघुवीर कर्मा (अ.जा.), ग्राम नान्दौन, तह. कन्नौद — सदस्य

धारा 13 की उपधारा (3) ''स'' के अधीन अनुविभाग के दो सामाजिक कार्यकर्ता—

1. श्री पवन जैन, निवासी, कन्नौद, जिला देवास — सदस्य
2. श्री संजय जोशी, निवासी कन्नौद, जिला देवास — सदस्य

धारा 13 की उपधारा (3) ''द'' के अधीन—

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कन्नौद — सदस्य
2. वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, जनपद पंचायत, कन्नौद — सदस्य
3. परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, कन्नौद — सदस्य

धारा 13 की उपधारा (3) ''ई'' के अधीन—

1. प्रबंधक, बैंक ऑफ इण्डिया शाखा कन्नौद — सदस्य

धारा 10 के अधीन विनिर्दिष्ट किया गया अधिकारी — सचिव
तहसीलदार, तहसील कन्नौद.

उपखण्ड स्तरीय बंधक श्रमिक सतर्कता समिति उपखण्ड, खातेगांव, जिला देवास

धारा 13 की उपधारा (3) ''अ'' के अधीन अनुविभागीय दण्डाधिकारी, खातेगांव, — **अध्यक्ष**

धारा 13 की उपधारा (3) ''ब'' के अधीन अ. जा./अ.ज.जा./वर्ग के तीन सदस्य—

1. श्री माखन राठौर (अ.जा.), निवासी खातेगांव, जिला देवास — सदस्य
2. श्री कचरुलाल सांवले (अ.जा.), निवासी खातेगांव, जिला देवास — सदस्य
3. श्री दिनेश बघेल (अ.जा.), निवासी नेमावर, जिला देवास — सदस्य

धारा 13 की उपधारा (3) ''स'' के अधीन अनुविभाग के दो सामाजिक कार्यकर्ता—

1. श्री मनोज बज, निवासी खातेगांव, जिला देवास — सदस्य
2. श्री दिपक शर्मा, निवासी खातेगांव, जिला देवास — सदस्य

धारा 13 की उपधारा (3) ''द'' के अधीन—

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत खातेगांव — सदस्य
2. वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, जनपद पंचायत, खातेगांव — सदस्य

3. परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, खातेगांव — सदस्य

धारा 13 की उपधारा (3) ''ई'' के अधीन—

1. प्रबंधक, बैंक ऑफ इण्डिया शाखा खातेगांव — सदस्य

धारा 10 के अधीन विनिर्दिष्ट किया गया अधिकारी
तहसीलदार, तहसील खातेगांव. — सचिव

उपखण्ड स्तरीय बंधक श्रमिक सतर्कता समिति उपखण्ड, बागली, जिला देवास

धारा 13 की उपधारा (3) ''अ'' के अधीन अनुविभागीय दण्डाधिकारी, बागली, — **अध्यक्ष**

धारा 13 की उपधारा (3) ''ब'' के अधीन अ. जा./अ.ज.जा./वर्ग के तीन सदस्य—

1. श्री नरु पिता मोहन कोरकु (अ.ज.जा.) ग्राम हरमबडी — सदस्य
2. श्री रेमसिंह पिता हरेसिंह भिलाला (अ.ज.जा.), ग्राम पिपल्या लोहार — सदस्य
3. श्री प्रहलाद पिता अमराजी जाटवा (अ.जा.), ग्राम भमोरी — सदस्य

धारा 13 की उपधारा (3) ''स'' के अधीन अनुविभाग के दो सामाजिक कार्यकर्ता—

1. श्री गंगाराम पिता सिद्धनाथ पाटीदार, ग्राम चापडा — सदस्य
2. श्री राजेन्द्र सिंह पिता देवकरण सिंह सेंधव, ग्राम गुनेरा — सदस्य

धारा 13 की उपधारा (3) ''द'' के अधीन—

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बागली — सदस्य
2. वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, जनपद पंचायत, बागली — सदस्य
3. परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, बागली — सदस्य

धारा 13 की उपधारा (3) ''ई'' के अधीन—

1. प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा, बागली — सदस्य

धारा 10 के अधीन विनिर्दिष्ट किया गया अधिकारी

तहसीलदार, तहसील बागली. — सचिव

आशुतोष अवस्थी, कलेक्टर.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

निर्वाचन भवन,

58, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011

आदेश

भोपाल, दिनांक 16 सितम्बर 2016

क्र. 16-48-99-एक.—मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश क्रमांक एफ-16-76-2000-एक-77, दिनांक 16 जनवरी, 2012 द्वारा आयोग की सेवा में निगम/मण्डल के निम्नांकित कर्मचारियों का संविलियन किया गया है :—

स.क्र.	कर्मचारी का नाम	पद एवं विभाग/उपक्रम का नाम जहां से कर्मचारी आयोग में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ थे	पद का नाम जिस पर संविलियन किया गया था	संविलियन किये गये पद का वेतनमान
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	श्री दिनेश पण्ड्या	वरिष्ठ सहायक, मध्यप्रदेश राज्य तिलहन उत्पादक सहकारी संघ, भोपाल.	सहायक प्रोग्रामर	4500—7000
2.	श्री नरेन्द्र शर्मा	कनिष्ठ सहायक, मध्यप्रदेश राज्य तिलहन उत्पादक सहकारी संघ, भोपाल.	सहायक ग्रेड-3	3050—4590
3.	श्री श्रीकांत भोजने	कनिष्ठ सहायक, मध्यप्रदेश राज्य तिलहन उत्पादक सहकारी संघ, भोपाल.	सहायक ग्रेड-3	3050—4590
4.	श्री रामू शर्मा	भृत्य, मध्यप्रदेश राज्य परिवहन निगम, भोपाल.	भृत्य	2550—3200

(2) निगम/मंडल/सार्वजनिक उपक्रम के कर्मचारियों के आयोग की सेवा में संविलियन उपरान्त सेवाशर्तें जारी करने हेतु आयोग के पत्र क्रमांक 16-48-99-एक-1273, दिनांक 20 जून, 2016 द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग को भेजे गये प्रस्ताव (प्रारूप) पर मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ-19-23-1998-1-4, दिनांक 22 अगस्त, 2016 द्वारा सहमति प्रदान की गई है.

(3) शासन के प्राप्त सहमति एवं अनुमोदित प्रारूप के तारतम्य में निगम/मण्डल/सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों का मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग की सेवा में संविलियन उपरान्त निम्नानुसार सेवाशर्तें जारी की जाती हैं :—

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग सेवा (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम, 1999 के नियम 6 (भर्ती का तरीका) के उपनियम (1) की कण्डिका (ग) एवं (घ) निम्नानुसार है :—

(ग) राज्य सरकार के किसी भी विभाग या उपक्रम की सेवा में पूर्व से कार्यरत् व्यक्तियों की प्रतिनियुक्ति से स्थानांतरित द्वारा;

(घ) कण्डिका (ग) में उल्लिखित सेवा में संविलियन द्वारा;

उपरोक्तानुसार आयोग के भर्ती नियमों में राज्य सरकार एवं उपक्रम की सेवाओं के कर्मचारी, जो आयोग में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत् हैं के संविलियन द्वारा भी भर्ती किये जाने का प्रावधान है. आयोग में सर्वप्रथम राज्य सरकार/उपक्रम के कर्मचारियों का संविलियन दिनांक 1 जुलाई, 1997 को हुआ था. इनकी प्रभावशीलता आयोग के गठन अर्थात् 1 फरवरी, 1994 से मानी जावेगी.

(दो) **वेतन का निर्धारण.**—(अ) संविलियन होने के ठीक पूर्व धारित पद का वेतनमान संविलियन के पद के बराबर या अधिक होने पर :—

(1) ऐसे पदों पर की गई अस्थायी/स्थायी सेवा के पूर्ण वर्षों को संबंधित कर्मचारी के प्रारंभिक वेतन का निर्धारण करने के लिए गणना में लिया जावेगा.

(2) ऐसी निरन्तर सेवा को ही, जिसमें विभिन्न विभागों के अधीन पदों पर कर्तव्य की अवधियां एवं भत्तों सहित सेवा अवकाश, जिसकी गणना उस पद पर वेतनवृद्धि के लिये की जाना अनुमत हो, शामिल होगा. अस्थायी/स्थायी सेवा के पूर्ण वर्षों को ही गणना करने के लिये हिसाब में लिया जाएगा.

(3) उक्त कर्मचारियों को वेतन निर्धारण के परिणामस्वरूप होने वाली वित्तीय हानि, यदि कोई हो, से बचाने की दृष्टि से ऐसे कर्मियों द्वारा संविलियन के पूर्व पद पर प्राप्त किया गया अन्तिम वेतन और नये पद पर निर्धारित किया जाने वाले वेतन के बीच के अन्तर की राशि ''व्यक्तिगत वेतन'' के रूप में प्राप्त होंगी जिसे आगामी वेतनवृद्धि में समाहित किया जावेगा.

(तीन) **वरिष्ठता का निर्धारण.**—मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के नियम 12(3) के प्रावधानों के अनुसार वरिष्ठता का निर्धारण निम्नानुसार किया जावेगा :—

(1) नये कार्यालय में संविलियन कर्मचारी, उनकी वरिष्ठता के प्रयोजन के लिए पूर्व कार्यालय में की गई पिछली सेवा के लाभ के हकदार नहीं होंगे तथा ऐसे कर्मचारी उनकी वरिष्ठता के मामले में नये प्रवेशार्थी के रूप में जाने जायेंगे. नियम 12(3)(ग).

(2) उपरोक्त कार्यालयों के, विशिष्ट संवर्ग में दो या दो से अधिक कर्मचारियों को किसी दूसरे कार्यालय/विभाग में किसी संवर्ग में अलग-अलग तारीखों में संविलियन किया गया है तो नए कार्यालय/विभाग में उनकी पारस्परिक वरिष्ठता वही रहेगी, जो उनके पूर्व कार्यालय में थी, परन्तु इन तारीखों में उस संवर्ग में किसी व्यक्ति को सीधी भरती के लिये न चुना गया हो. (नियम 12(3)(घ).

(चार) **सेवा भंग.**—पुराने पद से सेवामुक्त होने की तारीख और नए पद पर नियुक्ति की तारीख के बीच की सेवा के व्यवधान को, यदि कोई हो, संबंधित कर्मचारी को, उसकी सेवामुक्ति के समय स्वीकार्य अवकाश देकर पूरा किया जाना चाहिये. यदि पात्रतानुसार अवकाश अपर्याप्त हो, तो उन्हें शेष अवधि, जो अधिक से अधिक छः महीने तक की होगी, असाधारण अवकाश स्वीकार किया जा सकेगा. ऐसे मामले, जिनमें व्यवधान को इस प्रकार भी नियमित न किया जा सकता हो, विशेष आदेशों के लिए वित्त विभाग का अभिमत प्राप्त कर सामान्य प्रशासन विभाग को निर्दिष्ट किया जायेगा.

(पांच) **सीधी भरती माना जाएगा.**—अन्य विभाग के संविलीन कर्मचारियों को, संबंधित वेतनमान में प्रारंभिक पुनरावस्था (Inital Repeat Stage) यदि कोई हो, के संदर्भ में वेतन का निर्धारण करने के प्रयोजनों के लिए, पदोन्नति कर्मचारियों से भिन्न ''सीधी भरती'' किए गए कर्मचारी माना जायेगा.

(छः) **अवकाश.**—(1) तत्स्थानी पदों/सेवा के धारकों पर लागू होने वाले नियमों के अनुसार अवकाश की पात्रता होगी.

(2) उपरोक्त सुविधाओं के अतिरिक्त पुरानी सेवाओं का लाभ, पेंशन तथा अवकाश के लिए भी प्राप्त होगा. साथ ही, वित्त विभाग के ज्ञापन क्रमांक 466/18/4/आर-1/64, दिनांक 17 मार्च, 1964 के अनुसार ज्वाइनिंग टाईम, स्थानांतर यात्रा भत्ता इत्यादि का लाभ मिलेगा.

उक्तानुसार निगम/मंडल सार्वजनिक उपक्रम की सेवा से आयोग की सेवा में संविलियन किए गए निम्नलिखित कर्मचारियों के कॉलम (5) में दर्शायी गई संविलियन के पूर्व की सेवा अवधि को वेतन निर्धारण, पेंशन तथा अवकाश प्रयोजनों हेतु मान्य की जाती है :—

स.क्र.	नाम कर्मचारी	पदनाम	संविलियन दिनांक	संविलियन के पूर्व की सेवा अवधि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	श्री दिनेश पण्ड्या	सहायक प्रोग्रामर	1-3-1999	7-8-1987 से 28-2-1999
2	श्री नरेन्द्र शर्मा	सहायक ग्रेड-3	20-4-1999	1-11-1996 से 19-4-1999
3	श्री श्रीकांत भोजने	सहायक ग्रेड-3	9-12-1999	19-10-1993 से 8-12-1999
4	श्री रामू शर्मा	भृत्य	14-10-1999	17-8-1987 से 13-10-1999

हस्ता./-
(सुनीता त्रिपाठी)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 16 सितम्बर 2016

क्र. 16-48-99-एक.—मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश क्रमांक एफ-102-एक-94-1747, दिनांक 17 जुलाई 1998 द्वारा आयोग की सेवा में दिनांक 1 जून 1998 से निगम/मण्डल के निम्न कर्मचारियों का संविलियन किया गया है :—

स.क्र.	कर्मचारी का नाम	पद एवं विभाग/उपक्रम का नाम जहां से कर्मचारी आयोग में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ थे	पद का नाम जिस पर संविलियन किया गया था	संविलियन किये गये पद का वेतनमान
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	श्री रामचरण कुशवाह	वाहन चालक, मध्यप्रदेश विकास प्राधिकरण संघ, भोपाल.	वाहन चालक	950—1530

(2) निगम/मंडल/सार्वजनिक उपक्रम के कर्मचारियों के आयोग की सेवा में संविलियन उपरान्त सेवा शर्तें जारी करने हेतु आयोग के पत्र क्रमांक 16-48-99-एक-1273, दिनांक 20 जून 2016 द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग को भेजे गये प्रस्ताव (प्रारूप) पर मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ-19-23-1998-1-4, दिनांक 22 अगस्त 2016 द्वारा सहमति प्रदान की गई है.

(3) शासन के प्राप्त सहमति एवं अनुमोदित प्रारूप के तारतम्य में निगम/मण्डल/सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों का मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग की सेवा में संविलियन उपरान्त निम्नानुसार सेवा शर्तें जारी की जाती हैं :—

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग सेवा (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम, 1999 के नियम 6 (भर्ती का तरीका) के उपनियम 1 की कण्डिका (ग) एवं (घ) निम्नानुसार है :—

(ग) राज्य सरकार के किसी भी विभाग या उपक्रम की सेवा में पूर्व से कार्यरत व्यक्तियों की प्रतिनियुक्ति से स्थानांतरित द्वारा;

(घ) कण्डिका (ग) में उल्लिखित सेवा में संविलियन द्वारा;

उपरोक्तानुसार आयोग के भर्ती नियमों में राज्य सरकार एवं उपक्रम की सेवाओं के कर्मचारी, जो आयोग में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं के संविलियन द्वारा भी भर्ती किये जाने का प्रावधान है. आयोग में सर्वप्रथम राज्य सरकार/उपक्रम के कर्मचारियों का संविलियन दिनांक 1 जुलाई 1997 को हुआ था. इनकी प्रभावशीलता आयोग के गठन अर्थात् 1 फरवरी 1994 से मानी जावेगी.

(दो) **वेतन का निर्धारण.**—(अ) संविलियन होने के ठीक पूर्व धारित पद का वेतनमान संविलियन के पद के बराबर या अधिक होने पर :—

(1) ऐसे पदों पर की गई अस्थायी/स्थायी सेवा के पूर्ण वर्षों को संबंधित कर्मचारी के प्रारंभिक वेतन का निर्धारण करने के लिए गणना में लिया जावेगा.

